मूल्य 1 रु.
वर्ष: 15 - अंक : 43, मुंबई, शनिवार, 31 मई, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
अब हर सच होगा उजागर







# देश की नई दहशत बना CORONA

## दोगुनी रफ्तार से बढ़ रहे मामले, 2710 हुए एक्टिव केस



**मुंबई हलचल/संवाददाता**


**मुंबई।** इंडिया में कोरोना धीरे-धीरे खतरनाक रूप अख्तियार करता जा रहा है। देश भर में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 2710 तक पहुंच गई है। केरल के हालात भयावह होते जा रहे हैं। वहीं, महाराष्ट्र का हाल भी बेहाल हुआ जा रहा है। यहां तेजी से बढ़ रहे मामले स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए चिंता का सबब बनते जा रहे हैं। देश में कुल 2710 एक्टिव केसों में से केरल में सबसे ज्यादा 1147 मामले हैं। सक्रिय मामलों के मामले में महाराष्ट्र दूसरे नंबर पर है। शुक्रवार को राज्य में 84 नए मामले सामने आए, अब यहां 681 मरीज हैं।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### महाराष्ट्र में 681 मरीज

महाराष्ट्र सरकार ने बताया कि शुक्रवार को कोविड के 84 नए मामले सामने आए। जबकि मुंबई में जनवरी 2025 से अब तक कुल 681 मामले मिल चुके हैं। राज्य में जनवरी से अब तक 9592 कोविड-19 टेस्ट किए जा चुके हैं। वहीं, गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में कोविड-19 के दो मामले सामने आए। दोनों मरीज केरल के हैं और श्रीनगर के सरकारी डेंटल कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं।

# अरशद वारसी और पत्नी पर सेबी की गाज




## स्टॉक मार्केट में धोखाधड़ी, 1 साल की पाबंदी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड यानी सेबी ने मशहूर अभिनेता अरशद वारसी, उनकी पत्नी मारिया गोरेटी और उनके भाई पर शेयर बाजार में धोखाधड़ी का आरोप सिद्ध होने के बाद एक साल तक ट्रेडिंग पर रोक लगा दी है। यह कार्रवाई साधना ब्रॉडकास्ट लिमिटेड (वर्तमान में क्रिस्टल बिजनेस सिस्टम लिमिटेड) के शेयरों में कृत्रिम रूप से मूल्य बढ़ाने और निवेशकों को गुमराह कर मुनाफा कमाने के आरोप में की गई है। सेबी की विस्तृत जांच में पाया गया कि इस पूरे प्रकरण में कुल 60 लोग शामिल थे, जिन्होंने पंप एंड डंप योजना के तहत खुदरा निवेशकों को भारी नुकसान पहुंचाया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# महायुति में हो रहा अजित का अपमान



## संजय राउत का दावा, बोले- पवार को बिना बताए लिया फैसला

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** अजित पवार गुट के नेता छगन भुजबल ने 20 मई को मंत्री पद की शपथ ली। हालांकि, विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में दोबारा सत्ता में आई महायुति सरकार के मंत्रिमंडल में पहले छगन भुजबल को नजरअंदाज किया गया था। इसके बाद भुजबल ने सार्वजनिक रूप से अपनी नाराजगी जाहिर की थी। इतना ही नहीं, उन्होंने उपमुख्यमंत्री अजित पवार, सांसद सुनील तटकरे और सांसद प्रफुल्ल पटेल पर भी आलोचना की थी। साथ ही उन्होंने पार्टी छोड़ने के संकेत दिए थे। लेकिन अंततः छगन भुजबल को मंत्री पद देकर मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। इसी बीच, अब छगन भुजबल के मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने को लेकर शिवसेना (ठाकरे गुट) के सांसद संजय राउत ने एक बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उपमुख्यमंत्री अजित को बिना बताए भुजबल को मंत्री बनाया है। संजय राउत के इस बयान के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# लाडकी बहिन योजना में हुआ गड़बड़झाला

## 2 हजार से ज्यादा सरकारी लाडली बहनों से होगी वसूली

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महायुति सरकार की लाडली बहन योजना में एक और बड़े गड़बड़झाले का पर्दाफाश हुआ है। 2289 सरकारी महिला कर्मचारियों ने भी नियमों को धत्ता दिखाते हुए इस योजना का गलत तरीके से लाभ उठाया है। जनवरी-फरवरी महीने में क्रॉस वेरिफिकेशन के दौरान इसका खुलासा हुआ था। इसके बाद इन सरकारी बहनों को लाडकी बहिण योजना की किश्त नहीं दी गई है। इन सरकारी बहनों से मुख्यमंत्री लाडकी बहिण योजना के तहत मिली राशि की वसूली की जा सकती है। महायुति सरकार ने साल 2024 में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले 21 से 65 वर्ष की महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपए देने की घोषणा की थी। हालांकि कई महिलाओं ने इस योजना का गलत तरीके से भी लाभ उठाया है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### 9 महीने में प्रत्येक महिला को मिले 13 हजार 500 रुपए

पिछले साल यानी अगस्त 2024 से अप्रैल 2025 तक यानी कुल 9 महीने में हर महिला ने कुल 13 हजार 500 रुपए लिए। यह कुल आंकड़ा 3 करोड़ से भी ज्यादा है। नियमों में पहले ही साफ कर दिया गया था कि लड़की बहिन योजना गरीब महिलाओं के लिए है और सरकारी कर्मचारी इसका लाभ नहीं उठा सकते। हालांकि, इसके बाद भी पैसे का लालच महिला सरकारी कर्मचारियों को नहीं छूटा और उन्होंने इस योजना के लिए आवेदन कर दिया और हर महीने 1.5 हजार रुपए का भुगतान भी कर रही हैं।

## हमारी बात

### अमेरिका में अफरा-तफरी

**ट्रंप इमरजेंसी अधिकारों का इस्तेमाल कर बिना कांग्रेस में गए विभिन्न देशों पर मनमाने शुल्क लगा रहे थे। लेकिन अब अदालत ने कहा है कि अमेरिकी संविधान के मुताबिक सिर्फ कांग्रेस को अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य को विनियमित करने का अधिकार है।**

अमेरिका में कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के लिबरेशन डे यानी दो अप्रैल को घोषित जैसे को तैसा टैरिफ को अवैध ठहरा दिया है। ट्रंप ने राष्ट्रपति बनते ही आर्थिक आपातकाल अधिकार अधिनियम-1977 के तहत देश में आर्थिक इमरजेंसी की घोषणा की थी। उससे मिले अधिकारों के तहत ही वे बिना कांग्रेस (संसद) में गए विभिन्न देशों पर मनमाने शुल्क लगा रहे थे। लेकिन अब अदालत ने कहा है कि अमेरिकी संविधान के मुताबिक सिर्फ कांग्रेस को अन्य देशों के साथ वाणिज्य को विनियमित करने का अधिकार है। हालांकि ट्रंप प्रशासन ने अनिर्वाचित जजों के खिलाफ नए सिरे से प्रचार अभियान छेड़ दिया है और ताजा निर्णय को चुनौती देने का एलान किया है, मगर फिलहाल ट्रंप का पूरा टैरिफ वॉर अधर में लटक गया है। इससे उनके द्वारा घोषित आयात शुल्कों का कानूनी आधार विवादित हो गया है, जिससे व्यापार जगत पर नया अनिश्चय छा गया है। उधर ट्रंप को एक और झटका इलॉन मस्क के उनके प्रशासन को अलविदा कह देने लगा है। ट्रंप ने टैक्स कटौती का बिग एंड ब्यूटीफुल प्रस्ताव कांग्रेस के सामने रखा है, जिससे मस्क सहमत नहीं थे। मस्क को सरकारी खर्च घटाने की जिम्मेदारी दी गई थी। टैक्स छूट को उन्होंने इस उद्देश्य के विपरीत माना। इस तरह ट्रंप का प्रशासन में कुशलता लाने का एजेंडा भी अधर में है। इन नई परिस्थितियों से सबसे ज्यादा असहज स्थिति उन देशों के लिए पैदा होगी, जिन्होंने बिना प्रतिवाद किए ट्रंप की मांगों के आगे झुकने की अनावश्यक जल्दबाजी दिखाई। जबकि जिन देशों ने सब्र का परिचय दिया, वे आगे की सौदेबाजियों में बेहतर स्थिति में होंगे। गौरतलब है कि टैरिफ वॉर पर अमेरिका के अंदर आम सहमति का शुरू से अभाव है। डेमोक्रेटिक पार्टी के बड़े हिस्से के साथ-साथ वित्त एवं कारोबार जगत की बड़ी संस्थाएं और शख्सियतें भी इसका खुला विरोध करती रही हैं। जैसे को तैसा शुल्कों के खिलाफ कुल सात याचिकाएं विभिन्न अदालतों में हैं, जिनमें से अभी एक में फैसला आया है। इसलिए अस्थिरता बनी रहने वाली है। अमेरिका के साथ-साथ विश्व व्यापार के लिए भी ये बुरी खबर है।

# मनावर मै हिंदी पत्रकारिता दिवस, और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस की पच्चीसवीं सालगिरह पर पत्रकारों को सम्मानित किया

**मनावर।** कार्यक्रम को वरिष्ठ पत्रकार कैलाश राठौर काका सैयद रिजवान अली बसंत दादा जख्मी ने संबोधित करते हुवे कहा 30 मई 1826 को विद्वान वकील जुगल किशोर शुक्ल कानपुर निवासी ने हिंदी साप्ताहिक उदंत मार्तंड अखबार प्रकाशित किया था 30 मई हिंदी पत्रकारिता दिवस हमें उन महान पत्रकारों की याद दिलाता है जिन्होंने सत्य, न्याय और जनसेवा को अपना धर्म बनाया। पत्रकारिता केवल समाचार लिखने का कार्य नहीं, यह एक जिम्मेदारी है समाज को सच से अवगत कराने की, लोकतंत्र की रक्षा करने की।

आइए इस अवसर पर हम उन सभी निर्भीक और निष्ठावान पत्रकारों को नमन करें, जो अपने कलम की ताकत से देश को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। स्वतंत्र, निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता ही लोकतंत्र का असली प्रहरी है। हिन्दी पकाकारिता दिवस और एसबीआई लाईफ इंशोरेश शाखा मनावर की ओर से मनावर तहसील का 7 स्टेप होटल में पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें मनावर के मेनेजर श्री रूपेश ईसरानी




प्रियंक शर्मा बाकानेर, गौरव पारीदार, मनावर सुनील सिंग ठाकुर, धरमपुरी, शुभम पाटीदार अजनीकोट श्याम काग टोंकी दिपेन्द्र शर्मा- एकेलबारा मौजूद रहे। वरिष्ठ पत्रकार इकबाल मंसूरी, अनिल जैन सैयद रिजवान अली बसंत जख्मी कैलाश काका राठौर,पन्नालाल गहलोत,दादा योगेश जख्मी, शेख शाह नवाज, मुन्ना जैन स्वप्निल शर्मा, शेख अता, फिरोज खान आर के, फिरोज खान, अशोक पाटीदार,कौशिक पंडित, संदीप जाज में, विश्वदीप मिश्रा, रामनारायण पाटीदार, पवन पाटीदार, कलीम खान, मोहम्मद अमजद मंसूरी, दिलीप तंवर आदि सभी पत्रकारों को गुलाब का फूल और प्रतीक चिन्ह कलम देकर सम्मानिति किया। संचालन एसबीआई इंशोरेश मनावर शाखा प्रबंधक रूपेश इसरानी ने किया आभार सुनील सिंह ठाकुर ने माना।

# देश भर के क्रांतिकारी पत्रकार हुवे हिंदी पत्रकारिता दिवस पर सम्मानित

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**भोपाल।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पत्रकार सुरक्षा एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध अखिल भारतीय संगठन प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स द्वारा हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर देश भर के क्रांतिकारी पत्रकारों सहित गैर हिन्दी भाषी क्षेत्र के पत्रकारों को विशेष सम्मान से सम्मानित किया। संगठन की राष्ट्रीय संगठन महासचिव मुंबई (लेखिका) शशि दीप द्वारा दी गई जानकारी अनुसार संगठन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ सैयद खालिद कैस के निर्देश पर देश भर के क्रांतिकारी पत्रकारों का चयन किया गया था। हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर महाराष्ट्र मुंबई से रामानुज भट्टर, गौरव राजपुरोहित,



हीना खान, शेफाली सिन्हा, परवेज अख्तर, सांगली से सम्पत राव जाधव को सम्मान प्रदान किया गया है। वहीं पश्चिम बंगाल कोलकाता से इस वर्ष हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर शाश्वती दास, रवीना घोष, संपा दास, गुड्डू गुप्ता, अर्पिता दास जैसे गैर हिंदी भाषी पत्रकारों को सम्मानित किया गया है। सभी पत्रकार बांग्ला भाषा सहित हिंदी पत्रकारिता के उत्थान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स द्वारा हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर गैर हिंदी भाषी पत्रकारों तेलंगाना राज्य से मीर मोहम्मद, मोहम्मद शीराज, केरल राज्य से जॉय एस थॉमस, असम से अर्नव शरमा, आन्ध्रप्रदेश से टी आसीफ इकबाल को सम्मान पत्र प्रदान किया है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश से हाफिज शाह शाजापुर, पुष्पा चन्देरिया भोपाल, विजय चिडार रायसेन, जहीर उद्दीन शैख उज्जैन, इरशाद खान बैतूल, अल्ताफ खान धार, अरविंद शर्मा अशोक नगर, और, छत्तीसगढ़ से सुधीर तंबोली आजाद, और हरियाणा से डिम्पल कुमार को सम्मान पत्र प्रदान किए गए हैं।

# कड़ेगांव पानी संघर्ष समिति ने पुलिस स्टेशन पर जन मोर्चा निकाल ज्ञापन सौंपा

**सांगली।** सांगली जिले के तहसील कड़ेगाव में आज कड़ेगाव शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के किसान भाईयों ने अपने अधिकार के पानी ना मिलाने से पानी संघर्ष समिति के साथ कड़ेगाव पुलिस स्टेशन पर मोर्चा निकाल अपनी मांगों के लिए कड़ेगाव पुलिस अधीक्षक को पानी संघर्ष समिति ने ज्ञापन सौंपा। कई आंदोलन के बावजूद, कड़ेगांव शहर और कड़ेगांव तहसील के कुछ गांवों को हर साल मार्च, अप्रैल और मई में टेंभू योजना से पर्याप्त पानी नहीं मिलता है। टेंभू के इंजीनियर राजन रेड्डीयार ने अगस्त 2024 में एक लिखित आश्वासन दिया था कि कड़ेगांव झील से बंद पाइप लाइन, सुरली और कामती (पानी) परिसंचरण के माध्यम से उच्च हॉर्स पावर पंपों का उपयोग करके पानी की आपूर्ति की जाएगी और मार्च 2025 तक काम पूरा हो जाएगा और समय पर शुरू हो जाएगा। दी गई तारीखें बीत जाने के बावजूद भी टेंभू योजना का काम शुरू नहीं हुआ है और न ही निधि मंजूर हुई है। धोखाधड़ी करके अपर्याप्त पानी देकर किसानों की समस्याओं को वैसे ही रखा गया है। और किसानों को हर साल पानी के लिए भटकना और भीख मांगना पड़ता है। यह कड़ेगांव शहर और तहसील का दुर्भाग्य है। ओर आज किसान भाईयों को समय पर पानी न मिलने से बुरी तरह परेशान है, वहीं टेम्बु के इंजीनियर राजन रेड्डियर ने लिखित आश्वासन दिया और उस और कोई कार्रवाई नहीं की, इस वजह से किसान भाईयों ने कडेगांव पुलिस स्टेशन तक मोर्चा किया और मांग की कि भ्रष्ट टेम्बु इंजीनियर राजन रेड्डियार की दफ्तर कामकाज की जांच की जाए और उसके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाए। इस अवसर पर पानी संघर्ष समिति के अध्यक्ष डी.एस.देशमुख, क्रांतिकारी नेता जी.डी.बापू लाड के उत्तराधिकारी सांगली जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक के पूर्व संचालक किरण लाड, पानी संघर्ष समिति के संयोजक अभिमन्यु वरुडे एवं पदाधिकारी शिराज पटेल, संतोष डांगे, संजय तडसरे, जीवन करकटे, प्रवीण करडे, संभाजी यादव, बालासाहेब वत्रे, भाऊसाहेब यादव, पत्रकार एवं मीडिया सहित बड़ी संख्या में किसान भाई उपस्थित थे।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# महाराष्ट्र में NH-848 का विस्तार
## वडपे-ठाणे मार्ग होगा 8-लेन, ट्रैफिक और प्रदूषण में मिलेगी राहत

**ठाणे।** महाराष्ट्र में बढ़ते ट्रैफिक और कनेक्टिविटी की समस्याओं को दूर करने के लिए रचना कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने वडपे से ठाणे तक के राष्ट्रीय राजमार्ग NH-848 के विस्तार की घोषणा की है। यह परियोजना भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) द्वारा भारतमाला परियोजना के तहत विकसित की जा रही है। परियोजना के तहत 23.8 किलोमीटर लंबे मार्ग को चार लेन से आठ लेन तक चौड़ा किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में ट्रैफिक दबाव कम होगा, सड़क सुरक्षा बढ़ेगी और औद्योगिक माल परिवहन अधिक कुशल हो सकेगा। यह मार्ग मुंबई को नासिक से जोड़ने वाले मुंबई-आगरा कॉरिडोर का हिस्सा है और जेएनपीटी पोर्ट, भिवंडी, गुजरात समेत कई औद्योगिक क्षेत्रों को भी जोड़ता है।

इस हाईवे के चौड़ीकरण से यात्रा समय औसतन एक घंटे से घटकर 35 से 45 मिनट हो जाएगा। परियोजना हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (HAM) के तहत तैयार की जा रही है, जिसमें MEP इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स लिमिटेड और लॉन्ग जियान रोड एंड ब्रिज कंपनी लिमिटेड साझेदार हैं। निर्माण कार्य में 35.3 किलोमीटर लंबी सर्विस रोड, 33 बॉक्स कलवर्ट, 1.28 किलोमीटर लंबी रिटेनिंग दीवार, कई अंडरपास और फुट ओवरब्रिज बनाए जा रहे हैं। टिकाऊ



निर्माण सामग्रियों का उपयोग करते हुए सड़क को भारी यातायात के लिए मजबूत और सुरक्षित बनाया जा रहा है।

परियोजना में पर्यावरण संरक्षण का भी विशेष ध्यान रखा गया है। 14.613 हेक्टेयर वन भूमि के हस्तांतरण के लिए सभी पर्यावरणीय स्वीकृतियाँ प्राप्त की गई हैं और जल निकासी, कटाव नियंत्रण व वनीकरण जैसे कार्य पर्यावरण मंत्रालय (MoEFCC) के मानकों के अनुसार किए जा रहे हैं। मौजूदा भूमि क्षेत्र का विवेकपूर्ण उपयोग कर वनों की कटाई और भूमि अधिग्रहण को न्यूनतम रखा गया है। साथ ही, एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग, इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह और इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (ITMS) जैसे आधुनिक तकनीकी तत्व भी इस हाईवे को भविष्य के लिए तैयार बनाएंगे।

रचना कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुजीत मुले ने कहा कि यह सिर्फ एक सड़क नहीं, बल्कि राज्य के लिए एक स्मार्ट और सुरक्षित भविष्य की दिशा में उठाया गया ठोस कदम है। यह परियोजना यात्रियों, उद्योगों और पर्यावरण तीनों को लाभ पहुंचाएगी और इसके माध्यम से क्षेत्र में लंबे समय तक आर्थिक और सामाजिक विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि कंपनी का फोकस गुणवत्तापूर्ण निर्माण, टिकाऊ इंजीनियरिंग और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ तालमेल बनाए रखने पर है।

इस परियोजना से स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं और सेवा प्रदाताओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। पेट्रोल पंप, लॉजिस्टिक्स हब, विश्राम स्थल और छोटे व्यवसायों को भी इससे लाभ मिलेगा। ट्रक और मालवाहन ऑपरेटरों को तेज टर्नअराउंड समय और कम देरी से संचालन में वृद्धि होगी, जिससे राज्य की आपूर्ति श्रृंखला भी मजबूत होगी। 21 जनवरी 2019 को शुरू हुई यह परियोजना 30 सितंबर 2024 तक पूरी होने की उम्मीद है। इसके पूरा होते ही यह कॉरिडोर महाराष्ट्र की परिवहन व्यवस्था को नया स्वरूप देगा और क्षेत्र की आर्थिक गति को और तेज करेगा।



**तहसील जयसिंहपुर, सुल्तानपुर में मुंबई भाजपा वरली मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी श्री बाल गोविंद तिवारी ने तहसीलदार श्री मयंक मिश्र से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस सौहार्दपूर्ण मुलाकात के दौरान श्री तिवारी ने तहसील से संबंधित विभिन्न प्रशासनिक एवं विकासात्मक विषयों पर श्री मिश्र से विस्तृत चर्चा की। तहसीलदार मयंक मिश्र ने भी क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए उनकी प्रगति एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। दोनों के बीच क्षेत्र की बेहतरी और जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर सकारात्मक संवाद हुआ। यह भेंट स्थानीय प्रशासन और सामाजिक नेतृत्व के बीच समन्वय एवं सहयोग का एक महत्वपूर्ण उदाहरण रही।**

# कनपुरिया अंदाज में पाक पर बरसे मोदी- दुश्मन कहीं भी हो, उसे हौंक दिया जायेगा

**कानपुर।** शुक्रवार को 47,600 करोड़ रुपये की 17 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में पाकिस्तान को सबक के लिए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में सेना के शौर्य को सैल्यूट करते हुए कहा कि दुश्मन जहां भी दिखेगा उसे हौंक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर अभी रुका है। बंद नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 47,600 करोड़ रुपये की 17 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के बाद चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम दिखाया कि पाकिस्तान को युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा। इस धरती से मैं बार-बार हमारी सेना के शौर्य को सैल्यूट करता हूं। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान दुश्मन गिड़गिड़ा रहा था। अभी ऑपरेशन खत्म नहीं हुआ है। भारत ने अपनी लड़ाई के लिए तीन सूत्र स्पष्ट किए हैं- हर आतंकी हमले का जवाब दिया जाएगा, जवाब देने का समय और तरीका सेना तय करेगी। प्रधानमंत्री ने साफ कहा कि भारत



अब एटम बम की गीदड़भभकी से नहीं डरेगा और न ही उसके आधार पर कोई फैसला लेगा। उन्होंने कहा कि भारत ने आतंकियों के आका और आतंकी सरपरस्त सरकार को एक ही नजर से देखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कानपुर में कहा- पहलगाम के कायराना हमले में हमारे कानपुर के बेटे शुभम द्विवेदी भी बर्बरता का शिकार हुए। बेटी ऐशन्या की वो पीड़ा, वो कष्ट और भीतर का आक्रोश हम सब महसूस कर सकते हैं। हमारी बहनों-बेटियों का वही आक्रोश ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने देखा है। लगभग 45 मिनट तक जनसभा को संबोधित करने के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकाने, घर में घुसकर, सैकड़ों मील अंदर जाकर तबाह कर दिए। हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम किया कि पाकिस्तानी सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा। अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कनपुरिया अंदाज का भी जिक्र किया और कहा कि अगर मैं कनपुरिया अंदाज में कहूं तो- दुश्मन कहीं भी हो, उसे हौंक दिया जाएगा।

इसके पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सभा को संबोधित किया और कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीएम मोदी का स्वागत करता हूं। भारत की नई डिफेंस सिस्टम ने जिस तरह से दुश्मनों को करारा जवाब दिया है। यह प्रधानमंत्री के 10 साल पहले शुरू किए गए प्रयास का नतीजा है। आपके नेतृत्व पर हमें गर्व है। सीएम योगी नेयह भी कहा कि देश की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए देश के दुश्मनों को जिस भाषा में वो समझे उसी भाषा में जवाब दिया जाता है। सीएम योगी ने कहा कि पहले सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और अब ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पीएम मोदी के मार्गदर्शन में भारत की सेना के शौर्य और पराक्रम के कारण आज पूरी दुनिया भारत के शक्ति और सामर्थ्य को एक उदाहरण के रूप में मान रही है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### देश की नई दहशत बना कोरोना

कोरोना के हालिया संक्रमण में देश के 60 फीसदी सक्रिय मामले इन्हीं दो राज्यों में हैं। शुक्रवार को कर्नाटक के मैसूर में 63 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। राज्य में कोरोना से यह तीसरी मौत है। इसके अलावा महाराष्ट्र, केरल, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में कुल 13 मरीजों की मौत हो चुकी है। कुल मौतों का आंकड़ा 22 पहुंच गया है। बिहार में कोरोना वायरस के नए दौर का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। पटना में पिछले 24 घंटे के अंदर एक जूनियर डॉक्टर समेत 7 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। इनमें से 3 लोग नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुई जांच में संक्रमित पाए गए, जबकि 4 दो निजी लैब में जांच के बाद कोरोना पॉजिटिव पाए गए। सिविल सर्जन कार्यालय को भेजी गई रिपोर्ट में कोरोना पीड़ितों की संख्या का खुलासा हुआ। गुजरात के अहमदाबाद में एक दिन के नवजात की कोरोना रिपोर्ट शुक्रवार को पॉजिटिव आई। बच्चे को आईसीयू में रखा गया है। पिछले हफ्ते बच्चे की मां भी कोरोना पॉजिटिव पाई गई थी, हालांकि अब उसकी रिपोर्ट निगेटिव है। मेघालय में 7 महीने बाद कोविड के 2 मामले मिले हैं।

### लाडकी बहिन योजना में हुआ गड़बड़झाला

अब पता चला है कि 2289 महिला सरकारी कर्मचारियों ने भी इस योजना का फायदा उठाया है। महिला व बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने स्पष्ट किया है कि हम मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना का लाभ सही लाभार्थियों को ही दिलाने का प्रयास कर रहे हैं और इसके लिए आवेदनों का सत्यापन एक नियमित प्रक्रिया है। इससे पहले महायुति सरकार ने इस योजना की समीक्षा करने के बाद करीब 8 लाख लाडकी बहनों को दी जाने वाली 1500 रुपये की राशि घटाकर 500 रुपये कर दी थी। क्योंकि ये सभी महिलाएं पहले से ही दूसरी सरकारी योजनाओं का लाभ ले रही हैं।

### अरशद वारसी और पत्नी पर सेबी की गाज

सेबी की रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च 2022 से नवंबर 2022 के बीच कंपनी के शेयर की कीमत कृत्रिम रूप से बढ़ाई गई। इसके बाद इन शेयरों को उच्च दाम पर बेचकर खुदरा निवेशकों को भारी घाटा कराया गया। अरशद वारसी और उनके परिजनों ने अपने डीमैट खातों से इस स्कीम में हिस्सा लिया और बड़ी मात्रा में शेयरों की खरीद-फरोख्त की। जांच में मनीष मिश्रा नाम के व्यक्ति के साथ व्हाट्सएप चैट भी सामने आई, जिसमें वारसी को प्रत्येक खाते में 25 लाख रुपये ट्रांसफर करने की पेशकश की गई थी। सेबी ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर शेयर से जुड़ी किसी भी सलाह को बिना पुष्टि के मानना खतरनाक हो सकता है। इस प्रकरण ने यह साफ कर दिया है कि डिजिटल माध्यमों का धोखाधड़ी के लिए कैसे दुरुपयोग किया जा सकता है।

### महायुति में हो रहा अजित का अपमान

संजय राउत ने आगे कहा कि भाजपा द्वारा अजित का अपमान जारी है। यानी अजित पवार को बिना पूछे, उनके ही पार्टी के नेता भुजबल को भाजपा ने मंत्री बना दिया। इसलिए अब अजित को नींद भी नहीं आती होगी। संजय राउत ने दावा करते हुए कहा जिस पार्टी के वो प्रमुख हैं, उसी पार्टी के एक नेता को (भुजबल) को दिल्ली से आदेश आने पर मंत्री बनाया गया। अब ऐसे में क्या किया जा सकता है?

# एडीबी ने नई प्रौद्योगिकी वाली परियोजनाएं शुरु करने में रुचि दिखाई, मनोहर ने मसातो कांडा से की चर्चा

मास ट्रांजिट सिस्टम, समावेशी आवास, शहरी स्वच्छता और बुनियादी ढांचा, शहरी शासन और सुधारों पर हुई बातचीत

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य तथा विद्युत मंत्री मनोहर लाल और एशियाई विकास बैंक के अध्यक्ष मसातो कांडा ने नई दिल्ली में शुक्रवार को श्रम शक्ति भवन में भारतीय शहरीकरण में एडीबी के निरंतर सहयोग और निवेश पर चर्चा की। बैठक में एडीबी द्वारा विभिन्न विकासशील क्षेत्रों को दिए गए पिछले सहयोग के महत्व पर बल दिया गया तथा "विकसित भारत 2047" के शानदार विजन को प्राप्त करने के लिए निवेश के संभावित क्षेत्रों पर प्रकाश डाला गया।



### सफल मॉडल पूरे देश में तैनात और बढ़ाए जा रहे

मनोहर लाल और कांडा ने अनेक मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें मास ट्रांजिट सिस्टम, समावेशी आवास, शहरी स्वच्छता और बुनियादी ढांचा, शहरी शासन और सुधारों के अलावा अन्य विषयों में भारत के विकास की चर्चा की गई। केन्द्रीय मंत्री ने मोबिलिटी सेक्टर द्वारा अनुभव किए गए विकास के उछाल पर प्रकाश डाला, क्योंकि मल्टी-मॉडल ट्रांजिट सिस्टम के सफल मॉडल पूरे देश में तैनात और बढ़ाए जा रहे हैं। मंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन, अमृत और पीएमएवाई-शहरी जैसे प्रमुख मिशनों के तहत की गई महत्वपूर्ण प्रगति पर जोर दिया और एडीबी के लिए भारत के शहरी विकास एजेंडे के साथ अपने निवेश को पंक्तिबद्ध करने के अवसर पर जोर दिया ताकि टिकाऊ, समावेशी और आपस में जुड़े हुए शहर बनाने के साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया जा सके।

### आरआरटीएस में वृद्धि के लिए भारत को बधाई

एडीबी के अध्यक्ष कांडा ने रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) में देखी गई निरंतर वृद्धि के लिए भारत को बधाई दी और प्रगति को प्रभावशाली बताया। उन्होंने इस बात की भी सराहना की कि किस तरह रेल नेटवर्क ने वायु प्रदूषण, परिवहन और सामाजिक चुनौतियों का कुशलतापूर्वक प्रबंधन किया और इस परियोजना से जुड़ना उनके लिए बहुत गर्व की बात है।

### एडीबी के सहयोग की सराहना की

मनोहर लाल ने केंद्रीय बजट 2025-26 में उल्लिखित प्राथमिकताओं के अनुरूप ज्ञान ढांचे को विकसित करने में एडीबी के सहयोग की सराहना की। यह कोष शहरों को विकास केंद्र के रूप में देखता है, जो 100 भारतीय शहरों में पानी, स्वच्छता और अपशिष्ट सेवाओं को बदलने के लिए ब्लूप्रिंट के रूप में कार्य करता है।

### निजी खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करें

मंत्री मनोहर लालने कहा कि विकास के इस पैटर्न को जारी रखते हुए, राष्ट्रपति ने सलाह दी कि एकीकृत योजना और समग्र विकास का उपयोग करके इस तरह के प्रयासों को कैसे बढ़ाया जा सकता है, ताकि पथ-प्रदर्शक परिणामों के लिए जमीनी स्तर पर नवाचार को लागू करने के लिए सुसज्जित निजी खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। दोनों ने शहरी चुनौती कोष के महत्व पर चर्चा की, ताकि परियोजनाओं की बैंकिंग क्षमता में सुधार के लिए नगर निगमों से मजबूत समर्थन के साथ इसके डिजाइन को आगे बढ़ाया जा सके।

पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# पासियां समेत 4 गैंगस्टरों का इंटरपोल से जारी कराया 'रेड कॉर्नर नोटिस'




मुंबई हलचल / बटाला

पंजाब की बटाला पुलिस ने आतंकी गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुहिम छेड़ी है और इंटरपोल से पांच कुख्यात गैंगस्टरों के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस हासिल किया है। बब्बर खालसा के आतंकी और गैंगस्टर हैप्पी पासियां समेत 4 गैंगस्टरों पर विदेश में बैठकर अपने स्थानीय साथियों को बटाला और आसपास के इलाकों में आतंक और अराजकता फैलाने का निर्देश देने का आरोप है।

### स्थानीय लोगों से धमकी दिलवा रहे

पुलिस ने हैप्पी पासियां के अलावा पवित्तर सिंह, हुशनदीप सिंह, शमशेर सिंह और हरि सिंह के खिलाफ ये कदम उठाया है। एसएसपी सुहैल कासिम मीर ने कहा कि ये आरोपी अपने लोकल ऑपरेटिव को साथ जोड़ कर बम धमाकों, टारगेट किलिंग और फायरिंग जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस द्वारा एक ओर विशेष टीमों का गठन कर कार्रवाई की जा रही है, वहीं दूसरी ओर फरार अपराधियों के खिलाफ इंटरपोल से रेड-कॉर्नर नोटिस भी जारी करवाए जा रहे हैं।

# मॉस्को की रूस-भारत-चीन त्रिकोणीय प्रारूप को फिर से सक्रिय करने की इच्छा

रूस के विदेश मंत्री लावरोव बोले

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

रूस के विदेश मंत्री ने रूस, भारत, चीन संबंध को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रूस-भारत-चीन (आरआईसी) ढांचे को फिर से सक्रिय करने में रुचि दिखाई है। लावरोव ने कहा कि मैं रूस, भारत, चीन के प्रारूप में काम को जल्द से जल्द फिर से शुरू करने में हमारी रुचि को जाहिर करना चाहूंगा, जिसकी स्थापना कई साल पहले रूस के पूर्व पीएम येवगेनी प्रिमाकोव की पहल पर हुई थी। उन्होंने कहा कि इस समूह ने तब से लेकर अब तक न केवल विदेश नीति प्रमुखों के स्तर पर, बल्कि तीनों देशों की अन्य आर्थिक, व्यापार और वित्तीय एजेंसियों के प्रमुखों के स्तर पर मंत्रिस्तरीय बैठकें आयोजित की हैं।

### भारत-चीन के मध्य सीमा विवाद पर बनी सहमति



लावरोव ने कहा कि जैसा कि मैं समझता हूं, अब भारत और चीन के बीच सीमा पर स्थिति को सामान्य बनाने के तरीके पर सहमति बन गई है, और मुझे लगता है कि इस आरआईसी त्रिकोणीय प्रारूप को फिर से सक्रिय करने का समय आ गया है। रूस के विदेश मंत्री यूराल पर्वतों से घिरे पर्म शहर में यूरेशिया में सुरक्षा और सहयोग की एकल और न्यायसंगत प्रणाली बनाने पर एक अंतरराष्ट्रीय सामाजिक और राजनीतिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यह शहर यूरोप और एशिया की सीमा पर है।

### नाटो देश भारत को चीन के खिलाफ उकसा रहे

लावरोव ने आरोप लगाया कि अमेरिका नीत उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) खुलेआम भारत को चीन विरोधी षड्यंत्रों में शामिल करने की कोशिश कर रहा है। लावरोव ने कहा कि मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमारे भारतीय मित्र और मैं जाहिर तौर पर इस प्रवृत्ति को देखते हैं और यह बात उनके साथ गोपनीय बातचीत के आधार पर कह रहा हूं। इसे वास्तव में एक बड़ी उकसावे वाली कार्रवाई माना जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### नाइजीरिया में बाढ़ का कहर, 117 की मौत



**अबुजा।** नाइजीरिया के नाइजर राज्य के बाजार कस्बे मोक्वा में आई बाढ़ के कारण अब तक 117 लोगों की जान गई है। वहीं, बड़ी संख्या में लोग लापता हैं। नाइजर राज्य की राजधानी मिन्ना में परिचालन कार्यालय के प्रमुख हुसैनी ईसा ने कहा कि कई लोग अभी भी खतरे में हैं, शुक्रवार को बचाव कार्य जारी है। कई घंटों की लगातार बारिश के कारण नाइजर में बाढ़ आ गई। इस बाढ़ ने बुरी तरीके से जनजीवन को प्रभावित किया है।

### भारतवंशी फैजान ने जीता स्पेलिंग का खिताब



**नई दिल्ली।** भारतवंशी छात्र फैजान जाकी ने स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता में एक्लेरसिसमेंट शब्द का सही ढंग से उच्चारण कर प्रतियोगिता जीत ली है। टेक्सास के 13 वर्षीय जाकी ने गुरुवार रात को सर्वदन्य कादम को हराकर यह जीत हासिल की। वह सातवीं कक्षा के छात्र हैं। उन्होंने 2024 में एक अन्य भारतीय-अमेरिकी ब्रुहत सोमा के खिलाफ स्पेल-आफ में दूसरा स्थान हासिल किया था। इस प्रतियोगिता में जाकी की यह चौथी बार भागीदारी थी।

जम्मू-कश्मीर दौरे पर पुंछ पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री शाह बोले

# आतंकी हमले का जवाब कठोरता और तत्परता से देना पीएम मोदी की नीति

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

### पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पुंछ दौरे के क्रम में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की नीति है कि हर आतंकी हमले का जवाब कठोरता और तत्परता से दिया जाएगा। उन्होंने पुंछ नगर स्थित डाक बंगला में पाकिस्तानी गोलाबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों और घायलों से मिले। इस दौरान उन्होंने मृतकों के परिजनों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। गृह मंत्री शाह ने कहा कि पाकिस्तान ने घोर निंदनीय हमला किया। रिहायशी इलाकों और धार्मिक स्थलों पर हमला किया। उस हमले में हमारे जो नागरिक हताहत हुए हैं, उनके परिजनों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। हम सभी जानते हैं कि मुआवजा या सरकारी नौकरी से जीवन में जो हानि हुई है, उसकी क्षतिपूर्ति नहीं हो सकती, लेकिन जम्मू-कश्मीर सरकार, भारत सरकार और समग्र जनता की जो भावना जुड़ी है, यह उसका प्रतीक है। जो बहादुरी पुंछ के नागरिकों और अधिकारियों ने दिखाई है, उससे पूरे देश का संबल बढ़ा है।

*पुंछ पीड़ितों से मिले, मृतकों के परिवारों को दी सरकारी नौकरी*

*कहा- पुंछ के नागरिकों और अधिकारियों ने दिखाई बहादुरी*



### पाक को उबरने में पांच साल लगेंगे

*केंद्रीय गृह मंत्री ने बीएसएफ जवानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान ने हमारी सीमाओं और नागरिक क्षेत्रों पर हमला करके हमारे आतंकवाद विरोधी अभियानों का जवाब दिया, तो यह बीएसएफ के 'जम्मू फ्रंटियर' के जवान थे जिन्होंने 118 से अधिक चौकियों को तबाह और क्षतिग्रस्त करके जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने दुश्मन की पूरी निगरानी प्रणाली को टुकड़े-टुकड़े करके नष्ट कर दिया, एक ऐसी प्रणाली जिसे दोबारा बनाने में उन्हें चार से पांच साल लगेंगे।*

### जम्मू कश्मीर का विकास थमेगा नहीं

*शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर का विकास रुकेगा नहीं थमेगा नहीं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर सरकार ने नॉर्म्स के हिसाब से सहायता कर दी है और भारत सरकार भी व्यापारिक संस्थानों में हुई क्षति के लिए एक पैकेज लेकर आएगी। उन्होंने जम्मू कश्मीर के प्रशासन और सुरक्षा बलों की सराहना की और कहा कि वे हर चीज का जवाब देने के लिए सक्षम हैं।*

### अमरनाथ यात्रा को लेकर की समीक्षा बैठक

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजभवन में सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अटल डुल्लू, डीजीपी नलिन प्रभात और गृह मंत्रालय, सेना, अर्धसैनिक बलों, जम्मू-कश्मीर पुलिस, नागरिक प्रशासन और केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश की खुफिया एजेंसियों के अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। बैठक डेढ़ घंटे तक चली।



### भयमुक्त हो अमरनाथ यात्रा

बैठक में अमरनाथ यात्रा भयमुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए तैयार किए गए प्लान पर विस्तृत चर्चा हुई। यात्रा मार्ग पर सुरक्षाबलों की तैनाती, सभी सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय, खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान और मजबूत सुरक्षा ग्रिड बनाने को कहा गया। गृहमंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों को अमरनाथ यात्रा को भयमुक्त और सुरक्षित बनाने का निर्देश दिया।

इंडोनेशिया के इस्लामी संगठन का भारत को समर्थन

# कहा- आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे इस्लाम के नाम पर की हिंसा गलत



मुंबई हलचल / जर्काता

इंडोनेशिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन नाहदतुल उलमा के कार्यकारी बोर्ड अध्यक्ष केएच उलिल अब्शार अब्दल्ला ने भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़ने और शांति को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया दोनों आतंकवाद जैसी चुनौती से गुजरे हैं। अब्दल्ला ने चेताया कि अगर धर्म का इस्तेमाल हिंसा को जायज ठहराने के लिए किया जाए, तो यह बहुत खतरनाक होता है। कुछ समूह इस्लाम के नाम पर हिंसा को बढ़ावा देते हैं, जो गलत है, क्योंकि इस्लाम शांति का धर्म है। आतंकवाद के सबसे बड़े शिकार खुद मुसलमान हैं, इस खतरे को खत्म करने की सबसे पहली जिम्मेदारी भी मुसलमानों की ही बनती है।

### अनुच्छेद 370 हटाया जाना सराहनीय

कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने इंडोनेशिया में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 ने लंबे समय से जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से अलग मानने की धारणा बनाई हुई थी। पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार की ओर से अनुच्छेद को निरस्त करने के साथ ही यह धारणा समाप्त हो गई है। केंद्र सरकार के फैसले से क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आए हैं और समृद्धि बढ़ी है। उन्होंने कहा कि इसके बाद चुनाव हुए और 65 प्रतिशत लोगों ने चुनाव में हिस्सा लिया। आज कश्मीर में एक निर्वाचित सरकार है। पहलगाम में जो कुछ भी हुआ या यहां जो भी आतंकी घटनाएं हो रही हैं, उससे हालात पहले जैसे करने की कोशिश की जा रही है। कश्मीर में जो समृद्धि आई है, उसे वापस गुम करने की कोशिश की जा रही है।

### डेनमार्क ने आतंकी हमले पर जताई संवेदना

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन में डेनिश संसद के उपाध्यक्ष और विदेश नीति के अध्यक्ष लार्स क्रिश्चियन ब्रास्क से मुलाकात की। उन्होंने आतंकवाद की समस्या को समझा। अपने विचार व्यक्त किए और डेनमार्क सबसे पहले एकजुटता व्यक्त करने वाला देश था। उन्होंने भारत की स्थिति को समझा। हम तहे दिल से उनका शुक्रिया अदा करते हैं। बाक ने कहा कि हमें भारतीय संसद के एक बहुत मजबूत प्रतिनिधिमंडल से मिलकर सम्मानित महसूस हो रहा है और हमने अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।

यूएन में भारतीय प्रतिनिधि पी हरीश ने महासचिव गुतारेस से सम्मान प्राप्त किया

# दो भारतीय शांति रक्षकों को मरणोपरांत सम्मानित किया गया

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पिछले वर्ष संयुक्त राष्ट्र के झंडे तले सेवा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले दो भारतीय शांति रक्षकों को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस पर मरणोपरांत सम्मानित किया गया। यूएन डिस्एंगेजमेंट ऑब्जर्वर फोर्स (यूएनडीओएफ) में सेवा देने वाले ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र मिशन (एमओएनयूएससीओ) में कार्य कर चुके हवलदार संजय सिंह को अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस के अवसर पर गुरुवार को आयोजित एक समारोह में 'डैग हैमरशॉल्ड पदक' से मरणोपरांत सम्मानित किया गया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतननेनी हरीश ने दोनों शांति रक्षकों के परिवार की ओर से महासचिव एंतोनियो गुतारेस से यह सम्मान प्राप्त किया। भारत ने ब्रिगेडियर झा, हवलदार संजय सिंह और सेवानिवृत्त कर्नल वैभव अनिल काले को याद किया जिन्हें देश ने पिछले वर्ष खो दिया था। भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में वर्दीधारी कार्मिकों का चौथा सबसे बड़ा योगदानकर्ता है।

### आज विश्व को प्रभावी शांति स्थापना की जरूरत: गुतारेस



*संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतारेस ने 1948 से अब तक जान गंवाने वाले 4,400 से अधिक शांति रक्षकों की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित की और 57 सैनिकों को मरणोपरांत पदक दिए। उन्होंने कहा कि आज विश्व प्रभावी शांति स्थापना की मांग करता है। हम अपने बहादुर शांति रक्षकों की सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षकों के अंतरराष्ट्रीय दिवस का विषय 'शांति स्थापना का भविष्य' है जो इस बात पर जोर देता है कि संयुक्त राष्ट्र पिछले वर्ष सितम्बर में विश्व नेताओं द्वारा अपनाए गए 'भविष्य के लिए समझौते' में बदलती दुनिया के अनुरूप शांति स्थापना को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।*


### शांति मिशनों में भारत सबसे आगे: लाक्रॉइक्स



भारत शांति सुरक्षा के क्षेत्र में बहुत अहम भूमिका निभाता है। यह न केवल अपने जवानों के जरिए शांति मिशनों में योगदान देता है, बल्कि शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों की जवाबदेही सुनिश्चित करने जैसे कई प्रयासों का भी नेतृत्व करता है। संयुक्त राष्ट्र के शांति सुरक्षा विभाग के प्रमुख जीन-पियरे लाक्रॉइक्स ने यह बात अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि कि भारत शांति सैनिकों और पुलिस बल के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है।

# पति ने तमंचे के बल पर मुंडवाया पत्नी का सिर

**मेरठ।** यूपी के मेरठ में टीपीनगर के मलियाना शैखान चौक में पति के अवैध संबंधों का विरोध करने और दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने तमंचे के जोर पर विवाहिता का सिर मुंडवा दिया और तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया। पुलिस से शिकायत के बाद भी पीड़िता एक से दूसरे थाने पर चक्कर काट रही है। गुरुवार को एसएसपी कार्यालय पर शिकायत पत्र देने के बाद पुलिस हरकत में आई। सीओ कोतवाली को जांच के आदेश दिए गए हैं। मलियाना शैखान चौक निवासी महिला का निकाह करीब 15 साल पहले लिसाड़ी गेट के श्यामनगर निवासी युवक से हुआ था। दोनों को तीन बेटियां हैं। महिला गुरुवार को एसएसपी कार्यालय पहुंची और पति पर गंभीर आरोप लगाए। उसने आरोप लगाया कि पति के दूसरी महिलाओं से अवैध संबंध हैं। जब वह विरोध करती है को उसके साथ मारपीट की जाती है। इतना ही नहीं उस पर मायके से बार-



बार रुपये लाने के लिए दबाव बनाया जाता है। पीड़िता ने बताया कि 25 मई को भी पति और ससुराल के लोगों ने मारपीट की। पति ने मुजफ्फरनगर से अपने एक अपराधी प्रवृत्ति के रिश्तेदार को बुलाया। रिश्तेदार ने तमंचे से गोली मारने की धमकी दी। पति ने डराकर उसका सिर मुंडवा दिया। बाद में पति ने तीन तलाक देकर दो साल की बेटी के साथ उसे घर से निकाल दिया।

### थाना पुलिस ने नहीं सुनी फरियाद

पीड़िता ने बताया ससुराल से निकाले जाने के बाद टीपीनगर थाने में तहरीर दी, लेकिन यहां से उसे घटना लिसाड़ी गेट थानाक्षेत्र की बताकर उसे चलता कर दिया गया। लिसाड़ी गेट थाने में भी उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूर होकर उसे एसएसपी कार्यालय पर शिकायत देनी पड़ी।

### सीओ को जांच कर कार्रवाई का आदेश

पीड़िता ने बताया ससुराल से निकाले जाने के बाद वह पिता के घर पहुंची। यहां टीपीनगर थाने में तहरीर दी, लेकिन घटना लिसाड़ी गेट थानाक्षेत्र की बताकर उसे चलता कर दिया गया। लिसाड़ी गेट थाने में भी उसकी सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में उसे एसएसपी कार्यालय पर शिकायत देनी पड़ी। एसएसपी ने सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार को जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। रिश्तेदार के बारे में भी जानकारी मांगी गई है।

## सोना गिरवी रखकर कर्ज लेने वालों के हितों की रक्षा होगी

# गोल्ड लोन के नए नियमों से छोटे ग्राहक होंगे बाहर, दो लाख रुपए तक मिलेगी छूट

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के, सोना गिरवी रखकर कर्ज लेने वालों के हितों की रक्षा के लिए विवेकपूर्ण मानदंडों और तौर-तरीकों से संबंधित दिशानिर्देशों पर गौर किया और दो लाख रुपये तक के छोटे कर्जदारों को प्रस्तावित नियमों के प्रावधानों से बाहर रखने का सुझाव दिया है।

तमिलनाडु में राजनीतिक दलों के एक वर्ग की ओर से इसको लेकर जारी विरोध के बीच यह फैसला किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इन दिशानिर्देशों का मसौदा नौ अप्रैल को जारी किया था। इसमें ऋणदाताओं से ऐसे ऋण साधनों से संबंधित दस्तावेजों को लेकर समानता बरतने का आग्रह किया गया है।

### वित्त मंत्रालय ने एक्स पर दी जानकारी

वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी दी कि आरबीआई द्वारा सोना गिरवी रखकर कर्ज लेने वालों की हितों की रक्षा करने के लिए जारी मसौदा निर्देशों पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के मार्गदर्शन में वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने गौर किया।

- छोटे कर्जदारों को प्रस्तावित नियमों के प्रावधानों से बाहर रखा गया
- तमिलनाडु के राजनीतिक दलों के विरोध के बीच लिया फैसला
- नया मसौदा 1 जनवरी 2026 से लागू किया जाएगा



### छोटे ऋण लेने वालों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े

डीएफएस ने केंद्रीय बैंक को सुझाव दिए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छोटे स्वर्ण ऋण उधारकर्ताओं की आवश्यकताओं पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। मंत्रालय ने बताया कि डीएफएस ने यह भी कहा है कि ऐसे दिशानिर्देशों को क्षेत्रीय स्तर पर लागू करने के लिए समय की आवश्यकता होगी और इसलिए इन्हें एक जनवरी 2026 से ही लागू करना उपयुक्त हो सकता है।

*स्टालिन ने प्रस्तावों पर पुनर्विचार के लिए कहा : तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर भारतीय रिजर्व बैंक को नए दिशा-निर्देशों में प्रस्तावित प्रतिबंधों पर पुनर्विचार करने की सलाह देने का आग्रह किया।*

*छोटे कर्जदारों को शीघ्र ऋण वितरण हो : इसमें कहा गया, "डीएफएस ने सुझाव दिया है कि दो लाख रुपये से कम के छोटे कर्जदारों को इन प्रस्तावित निर्देशों की शर्तों से बाहर रखा जा सकता है, ताकि ऐसे छोटे कर्जदारों को समय पर और शीघ्र ऋण वितरण सुनिश्चित किया जा सके।"*

### आभूषण की शुद्धता मानकीकृत होनी चाहिए

आरबीआई ने मसौदा में कहा था कि ऋणदाताओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि गिरवी रखने जाने वाले स्वर्ण आभूषण की शुद्धता, उसके वजन (सकल और शुद्ध) आदि की जांच के लिए एक मानकीकृत प्रक्रिया अपनाई जाए और यह प्रक्रिया ऋणदाता की सभी शाखाओं में एकसमान रूप से अपनाई जाए।

### दस्तावेज मानकीकृत होना चाहिए

नीति के तहत निर्धारित सभी प्रक्रियाओं का विवरण ग्राहकों की जानकारी के लिए ऋणदाताओं की वेबसाइट पर जारी किए जाएं। मसौदे के अनुसार, ऋणदाता की सभी शाखाओं में दस्तावेजीकरण मानकीकृत होना चाहिए।

### नोटिस अवधि का विवरण शामिल होना चाहिए

ऋण समझौते में प्रतिभूति के रूप में लिए गए स्वर्ण आभूषण का विवरण, उसका मूल्य, नीलामी प्रक्रिया का विवरण और उसकी नीलामी के लिए परिस्थितियां, नीलामी आयोजित होने से पहले ऋण के पुनर्भुगतान/निपटान के लिए उधारकर्ता को दी जाने वाली नोटिस अवधि का विवरण शामिल होना चाहिए।

# अंकिता भंडारी की पुलकित आर्य ने ही ली थी जान, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता भी दोषी करार

**कोटद्वार।** अंकिता भंडारी हत्याकांड में कोटद्वार की अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने शुक्रवार को अपना फैसला सुना दिया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीना नेगी ने पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को दोषी करार दिया है। तीनों की सजा का ऐलान होना अभी बाकी है। उत्तराखंड के ऋषिकेश में रिजॉर्ट की रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी की हत्या 18 सितंबर 2022 को की गई थी। अदालत ने सोमवार को बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष के बीच आखिरी बहस सुनकर फैसला 30 मई के लिए सुरक्षित रख लिया था। इस मामले की जांच के दौरान एसआईटी ने 500 पेज की चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें कुल 97 गवाहों को नामित किया गया था। अभियोजन पक्ष की ओर से इनमें से 47 गवाहों को अदालत में पेश किया गया। श्रीनगर गढ़वाल की रहने वाली अंकिता भंडारी ऋषिकेश के पास वनंतरा रिजॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट थीं। 18 सितंबर 2022 को उसकी हत्या कर




शव चीला नहर में फेंक दिया गया था। एसआईटी की ओर से कोर्ट में दाखिल 500 पन्नों की चार्जशीट में कहा गया था कि पुलकित आर्य ने अपने दो कर्मचारियों सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। मामले की सुनवाई दो साल और आठ माह चली और इस दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से विवेचना अधिकारी सहित 47 गवाह पेश किए गए। अंकिता का पुलकित से विवाद हो गया था जिसके बाद पुलकित ने भास्कर और गुप्ता के साथ मिलकर अंकिता को ऋषिकेश की चीला नहर में कथित तौर पर धक्का दे दिया था।

**सड़कों पर दिखा था आक्रोश :** नहर से अंकिता का शव मिलने के बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया था। पुलकित, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तत्कालीन नेता विनोद आर्य का बेटा है। मामला सामने आते ही पार्टी ने आर्य को बाहर का रास्ता दिखा दिया था। मामले के प्रकाश में आने के बाद स्थानीय लोग सड़क पर उतर गए और लोगों को शांत करने के वास्ते राज्य सरकार को मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल गठित करना पड़ा। साथ ही सरकार ने आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने का भी ऐलान किया था।


MUMBAI'S
BIGGEST
HIGHER
EDUCATION
FAIR 2025
aliff | Parwazz
GLOBAL EDU FAIR
Meet 50+ World's Top Univ from 10+ Countries
Scan to Register
Saturday, 31 May
10 am to 5 pm
UMass Boston
istitutomarangoni
the school of fashion, art & design
The University of Law
University of South Wales Prifysgol De Cymru
University of Huddersfield
Webster University
HTMi
Hotel and Tourism Management Institute Switzerland
ASU Arizona State University
PennState Dickinson Law
GLION
INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION
UCW UNIVERSITY CANADA WEST
Middlesex University Dubai
Leeds Trinity University
MANIPAL UNIVERSITY COLLEGE MALAYSIA
VICTORIA UNIVERSITY OF WELLINGTON
TE HERENGA WAKA
UCAM UNIVERSIDAD CATÓLICA DE MURCIA
BTS
Barcelona Technology School
MANIPAL UNIVERSITY
DUBAI CAMPUS
eu Business School
GRIFFITH COLLEGE
Prifysgol Cymru
Y Drindod Dewi Sant
University of Wales
Trinity Saint David
EAIM
East Asia Institute of Management
BSBI
HULT
INTERNATIONAL BUSINESS SCHOOL
FOOTHILL + DE ANZA
GINGER AIRPORT HOTEL
Near Domestic Airport, Western Express Highway,
Vile Parle (E), Mumbai.
FREE ENTRY



दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# मिस वर्ल्ड 2025 के ग्रैंड फिनाले में बॉलीवुड का तड़का लगाएंगे ईशान-जैकलीन

**भारत** के हैदराबाद शहर में आयोजित हो रही 72वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुकी है। 31 मई को इसका ग्रैंड फिनाले हाईटेक एग्जिबिशन सेंटर में बड़े ही भव्य अंदाज में आयोजित किया जाएगा। इस अंतरराष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता में जहां दुनिया भर की सुंदरियां हिस्सा ले रही हैं, वहीं भारत ने इसे सांस्कृतिक और मनोरंजन का अद्भुत संगम बना दिया है। फिनाले इवेंट की मेजबानी करेंगी मिस वर्ल्ड 2016 स्टेफनी डेल वैले और भारतीय होस्ट सचिन कुंभार। कार्यक्रम में बॉलीवुड का जबरदस्त तड़का भी देखने को मिलेगा। अभिनेता ईशान खट्टर और अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज अपनी लाइव परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीतने को तैयार हैं। दोनों सितारों की धमाकेदार प्रस्तुति कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण होगी। इवेंट में मिस वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर भी विशेष मेहमान के रूप में मौजूद रहेंगी। मिस वर्ल्ड के इस संस्करण में 108 देशों की प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया, और तेलंगाना की संस्कृति, विरासत और मेहमाननवाजी को दुनिया के सामने खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया। फिनाले इवेंट में करीब 3500 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। इसमें देश-विदेश की जानी-मानी हस्तियों के साथ-साथ तेलंगाना के मुख्यमंत्री और अन्य गणमान्य अतिथि भी शामिल हो सकते हैं।

# दीपिका पादुकोण के सपोर्ट में उतरे सैफ अली खान

**संदीप रेड्डी वांगा** की अपकमिंग फिल्म स्पिरिट से बाहर होने के बाद दीपिका पादुकोण को लेकर बहस छिड़ी हुई है। उन्होंने 8 घंटे की शिफ्ट की मांग की थी। दीपिका पादुकोण को इस मुद्दे पर बॉलीवुड का समर्थन मिलता हुआ नजर आ रहा है। पहले उनके समर्थन में अजय देवगन और काजोल नजर आए। अब सैफ अली खान ने भी इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। आइए जानते हैं सैफ अली खान ने इस मामले में क्या कुछ कहा है। सैफ अली खान ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि फैमिली और परिवार हमारे लिए बहुत जरूरी है। सैफ अली खान ने अरब मीडिया समिट में इस मुद्दे पर बात की थी, एक्टर ने कहा परिवार हमारे लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि मुझे भी यह अच्छा नहीं लगता कि मैं घर पर जाऊं और मेरे बच्चे सो चुके हों, फिर यह आपकी सफलता नहीं है। असली सफलता तो तब है जब आप कह सकें कि नहीं मुझे घर जाना है, ताकि मैं बच्चों के साथ भी आधा घंटा बिता सकूं। सैफ अली खान ने आगे कहा कि हम लोगों को साल में चार छुट्टियां मिलती है। जब मेरे बच्चे ब्रेक पर होते हैं, तब भी मैं काम पर होता हूं, लेकिन वह वक्त बहुत महत्वपूर्ण है, फिलहाल में उम्र की उस पड़ाव में हूं, जहां मुझे मेरी मां और बच्चे दोनों का ख्याल रखना होता है। आपको दोनों फैमिली संभालनी है। सैफ अली खान ने आगे कहा काम करना हम सबके लिए बेहद जरूरी है, लेकिन परिवार के साथ वक्त बिताना भी उतना ही जरूरी है। परिवार के साथ वक्त बिताना ही असली प्रिविलेज है। उन्होंने बातचीत के दौरान दीपिका पादुकोण का जिक्र नहीं किया, लेकिन कहीं ना कहीं वह इस बात के माध्यम से दीपिका के प्रति अपना समर्थन जता चुके हैं।





ABVM AGRAWAL JATIYA KOSH'S GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE
Estd. - 2014

G.D. JALAN COLLEGE
Affiliated to University of Mumbai & M.S. Board
(MARWARI MINORITY) NAAC Accredited with B+ Grade, ISO 9001 : 2015 CERTIFIED COLLEGE
College Code : 527
Junior College
F.Y.J.C/ S.Y.J.C (Science & Commerce)
Degree College
B. Com • B.A.F • B.Sc.I.T • B.M.S • B.Sc
ADMISSIONS OPEN
Contact Number : 9326346900 / 9326335467
Upper Govind Nagar, Malad (East)